युवाओं को जीने की राह दिखा गए उपराष्ट्रपति

आइआइएम रांची की ओर से आयोजित व्याख्यान में बोले उपराष्ट्रपति वैंकैया नायडू, भागीदारी से लोकतंत्र होगा मजबूत

डिस्ट्रक्शन से नहीं, कंस्ट्रक्शन से ही लोकतंत्र को मिलेगी मजबूती,

टेंपरेरी पेन से लॉग टाइम गेन होगा, यही रिफार्म है, वैश्विक स्तर पर रहकर नहीं सोचें

उपराष्ट्रपति बोले-आइटी सेक्टर अपनी बेहतर ड्यूटी के साथ देश को ब्यूटी बना दे

जागरण संवाददाता, रांची : उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने आइआइएम रांची की ओर से आयोजित व्याख्यान में कहा कि लोकतंत्र में सभी को अपनी बातें रखने की आजादी है। हम डिस्कस, डिबेट करें फिर डिसाइड करें, लेकिन मुद्दे से भागे नहीं। कहा, डिस्ट्रक्शन से नहीं, कंस्ट्रक्शन से ही लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी। हर कोई यह महसूस करे कि डेवलेपमेंट में उनकी भागीदारी है। उपराष्ट्रपति ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रिफार्म, परफार्म व ट्रांसफार्म की बात करते हैं। कहा, टेंपरेरी पेन से लॉग टाइम गेन होगा, यही रिफार्म है। कहा, रिफार्म के लिए केवल वैश्विक स्तर पर रहकर नहीं सोचें, बल्कि इसमें स्थानीय समस्याओं को शामिल करें।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमारे समक्ष कई चुनौतियां हैं, इससे निपटना है। स्किल को अपग्रेड करते हुए स्कोर करें और करप्शन को दूर करें। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने कहा था कि केंद्र से 100 रुपये चलता है तो वह जरूरतमंद के पास पहुंचते-पहुंचते 15 रुपये रह जाता है। उन्होंने कहा कि हमारी इकोनोमी सबसे तेज गति से आगे बढ़ रही है। हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनोमी हैं। हमारे पास ह्यूमन केपिटल का सबसे बड़ा रिसोर्स है। हमारा आइटी सेक्टर अपनी बेहतर ड्यूटी के साथ देश को ब्यूटी बना देगा।

मार्डर्न फूड हैबिट को छोड़ें, फिट रहें : उपराष्ट्रपति ने युवाओं को फिट रहने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि मानसिक तौर पर फिट रहने के लिए जरूरी है कि हम फिजिकली फिट रहें। मार्डर्न फूड हैबिट को छोड़ दें तो आप स्वस्थ रहेंगे। उन्होंने कहा कि पिज्जा व बर्गर खाने वाले अपने रीजन व सीजन के हिसाब से खाते हैं, हम अपनी जरूरत के हिसाब से खाएं। कहा, मंचूरियन नहीं, हिमालयन की बात करें। योग करें, माइंड फ्रेश रहेगा। उन्होंने कहा कि आप यह नहीं समझें कि भारत के उपराष्ट्रपति यह बता रहे हैं कि क्या खाएं और क्या नहीं खाएं। मैं ऐसा कोई सलाह नहीं दे रहा हूं। आप जो भी खाएं वह न्यूट्रिक हो, जंक फूड नहीं खाएं।



रांची के आर्यभट्ट सभागार में अटल बिहारी वाजपेयी सेंटर फॉर लीडरशिप पॉलिसी एंड गुड गवर्नेंस के तहत आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बायें से राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू व प्रवीण शंकर पांड्या ● जागरण

आर्यभट्ट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में आइआइएम की नई बिल्डिंग के प्रारूप को देखते उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू। साथ में शैलेंद्र सिंह ● जागरण

दोपहर 1:50 बजे वायु सेना के विमान से पहुंचे उपराष्ट्रपति

जासं, रांची : रविवार को दोपहर 1:50 बजे वायु सेना के विमान से उप राष्ट्रपति वेंकैया नायडू बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट के अंदर राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम, डीजीपी केएन चौबे, उपायुक्त राय महिमापत रे समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

संविधान का अनुसरण नहीं करना अशांति लाता है

उपराष्ट्रपति ने कहा कि जनता को लोकतंत्र में विश्वास होना चाहिए। कानून का उल्लंघन और संविधान का अनुसरण नहीं करना अशांति लाता है, जो विकास में बाधक बनता है। कहा, देश के युवा बेहतर विजन, अपने स्वाभिमान के साथ आगे आएं और देश का मान ऊंचा करने में भागीदारी निभाएं। उन्होंने डिजिटिल तकनीक की प्रशंसा की। कहा, फंड, फंक्शन व फंक्शनरी सब सही हो।

परेशानियों को चुनौती के रूप में लिया

उपराष्ट्रपति से तीन छात्रों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब भी दिए। छात्र नमन ने पूछा कि आपके जीवन में जो परेशानियां आई उसका सामना कैसे किया। इस पर उपराष्ट्रपति ने कहा कि सभी परेशानियों को चुनौती के रूप में लिया। 45 वर्षों से जनता की सेवा में जुटा हूं। लोगों से बातें करना अच्छा लगता है।

बिहार से समता व बंगाल से ममता तक को जोड़ा था

उपराष्ट्रपति ने अटल बिहारी वाजपेयी के बारे में कहा कि वे ग्रेट कंट्री के ग्रेट लीडर थे। पुराने दिनों याद करते हुए कहा कि उनके क्षेत्र वाजपेयी जी आने वाले थे तो उन्हों तांगा में बैठकर उनकी आमसभा का एनाउंसमेंट किया था। वाजपेयी जी की पॉलिटिकल कनेक्टिविटी ही इतनी मजबूत थी कि बिहार से सम व बंगाल से ममता सहित सभी को जोड़े रखा था।

अटल बिहारी बाजपेयी सेंटर फॉर लीडरशिप पॉलिसी एंड गुड गवर्नेंस पर कार्यक्रम

सुशासन से राष्ट्र का सतत विकास जुड़ा समाज के हर वर्ग की भागीदारी जरूरी

सभागार में आइआइएम के विद्यार्थियों से मिलते उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ● जागरण

राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू को मोमेंटो देकर सम्मानित करते प्रो. शैलेंद्र सिंह ● जागरण

सुशासन राष्ट्र की प्रगति की कुंजी

राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि सुशासन किसी भी राष्ट्र की प्रगति की कुंजी है। सुशासन से राष्ट्र का सतत विकास जुड़ा है। राज्यपाल ने कहा कि शासन के समक्ष महिलाओं का सशक्तीकरण, भ्रष्टाचार न्याय में देरी, सामाजिक व आर्थिक तौर पर कमजोर वर्गों को सशक्त करने की चुनौती है। इन सभी से केवल सुशासन से निपटा जा सकता है। इसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी जरूरी है। प्रवीण शंकर पंड्या ने कहा कि झारखंड के लिए खनन नीति की रुपरेखा तैयार करने की जरूरत है। यह नीति राज्य के विकास में निश्चित तौर पर मददगार साबित होगी। निदेशक प्रो. शैलेंद्र सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि आइआइएम सुशासन की राह सहायक बनेगा। प्रो. गौरव मनोहर ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

Dainik Jagaran, 17.02.2020, Pg. 04